


डाक पंजीयन क्र. L/RNP/म.प्र./मन्दसौर/122/2021-23
ई-पेपर www.guruexpress.live
बात आपकी, शब्द हमारे

# गुरु एक्सप्रेस

सुबह का अखबार
संपादक – आशुतोष नवाल

वर्ष 18 | अंक 44 | पृष्ठ 4 | मन्दसौर | गुरुवार 23 नवम्बर 2023 | मूल्य 2 रुपया






## फोकटियों-भक्तों से व्यवसायी परेशान...

# दुकानदारी के बीच हार-जीत पर होती बहस

### सट्टे बाजार की बोलती बंद, किसी के नहीं मिल रहे भाव

**मंदसौर, 22 नवंबर गुरु एक्सप्रेस।** विस चुनाव का परिणाम 3 दिसंबर को आना है। लेकिन उसके पहले बाजार में राजनीतिक जानकारों के साथ सिर्फ टाईमपास करने वालों और किसी भी पार्टी के शुद्धतम भक्तों की बहस से बाजार गूंज रहा है। इसमें सबसे ज्यादा परेशान हो रहा है दुकानदार। बहस को लेकर दुकानदारी प्रभावित हो रही है। मतलब सुबह से लेकर शाम तक दुकानों पर हार-जीत को लेकर ग्राहक हो या टाईमपासिए या भक्त हार-जीत को लेकर बहस कर रहे हैं। अब इधर बात करें सट्टा बाजार की तो फिलहाल सट्टा बाजार की भी बोलती बंद है। किसी के भी तगड़े भाव नहीं मिल रहे हैं। मतलब सट्टा बाजार भी कन्फ्यूज है। विशेषकर मंदसौर, मल्हारगढ़ और गरोठ सीट को लेकर चुनावी सटोरिए शांत बैठे हुए है।

#### विवाद की तरह तगड़ी बहस...

दुकानदारों के लिए परेशानी का विषय चर्चा नहीं, बल्कि बहस बना हुआ है। इस तरह की बहस जो चिल्लाचोट के साथ मानो जैसे विवाद में कन्वर्ट हो गई हो। एक तरफ से भाजपा तो दूसरी तरफ से कांग्रेस के समर्थन में बहसबाजी का दौर चल रहा है। भाजपा की जीत बताने वाला अपने तर्क के बाण से अपनी बात को मजबूती देता नजर आता है तो कांग्रेस की जीत बताने वाला भी इतिहास और गुणा भाग से कांग्रेस को मजबूत स्थिति में बताता है।

#### एक की जगह दो पान...

जहां किराना या दूध व्यवसायी इस तरह के लोगों से परेशान है तो वहीं पान वालों का खासा टाईम पास भी हो रहा है और फायदा भी। शाम ढलते ही एक-एक करके लोगों की भीड़ जमा हो जाती है। बहस का सिलसिला शुरु होता है। गणपति चौक जैसे पुराने इलाके हो या व्यस्ततम मार्गों पर मौजूद पान की दुकान। यहां हार जीत को लेकर घंटों बहस में निकल जाते हैं। अब पान हो या गुटखे का पाउच, मुंह में खत्म होते ही जुबां दूसरे की डिमांड कर देती है। इस तरह से कहीं न कहीं पान वालों का फायदा हो रहा है।

#### यह कह रहा सट्टा बाजार...

सट्टा बाजार की माने तो चुनाव के बाद दोनों प्रमुख पार्टियों में बराबरी का मुकाबला बना हुआ है। सट्टा बाजार के स्टोरियों के मुताबिक मध्यप्रदेश में भाजपा को 110 से 112 सीट व कांग्रेस को 114 से 116 सीट मिलने की संभावना है और दोनो का भाव भी बराबर 1-1 रुपये चल रहा है। मतलब साफ है कि सट्टा बाजार फिलहाल 50-50 बता रहा है।

#### फर्जी एक्जिट पोल ने बढ़ाई धड़कन...

प्रत्याशियों और समर्थकों को सबसे ज्यादा परेशान कर रहे है फर्जी एक्जीट पोल। सोशल मीडिया पर प्रसारित हो रहे एक्जीट पोल प्रत्याशियों के साथ समर्थकों के दिल की धड़कने बढ़ा रहे हैं। कहीं कांग्रेस को बहुमत तो कहीं भाजपा को बहुमत बताया जा रहा है। वहीं जिले की विस सीटों को लेकर भी अलग अलग एक्जीट पोल अपने निर्णय बता रहे हैं। फिलहाल किसी भी प्रतिष्ठित न्यूज चैनल या अखबार ने अभी एक्जीट पोल जारी नहीं किया है। सिर्फ सोशल मीडिया पर कहीं से भी कॉपी पेस्ट होकर चल रहे एक्जीट पोल ही अपनी अपनी राय दे रहे हैं। वैसे भी चुनाव आयोग के निर्देशानुसार 30 नवंबर को तेलंगाना में मतदान के बाद अर्थात उस दिन शाम को 6 बजे बाद सभी सर्वे करने वाली एजेंसियो के एक्जीट पोल टेलिविजन पर शुरु हो जाएंगे।



# बेटी की हत्या की आशंका पीएम रिपोर्ट में सच निकली

### दलौदा पुलिस ने पति सहित 6 लोगों पर मर्डर का केस दर्ज किया, मृतिका के पति और देवर गिरफ्तार

**मंदसौर, 22 नवंबर गुरु एक्सप्रेस।** दलौदा थाना पुलिस ने एक परिवार द्वारा बहु की हत्या किए जाने की आशंका के बाद मामले में जांच की, जिसके बाद 6 लोगों के खिलाफ हत्या का प्रकरण दर्ज किया है। आरोपियों में मृतिका का पति, सास- ससुर, देवर-देवरानी सहित ननद पर हत्या का मामला दर्ज किया है। आरोपियों ने बहू की हत्या कर शव को दफना दिया था। महिला के परिजनों को शक हुआ तो कब्र से शव निकलवाकर पोस्टमार्टम करवाया। इसमें खुलासा हुआ कि ससुराल वालों ने मिलकर बहू की हत्या की। मामले में पुलिस ने हत्या का प्रकरण दर्ज करते हुए पति और देवर को गिरफ्तार कर लिया है। दलौदा पुलिस से मिली जानकारी अनुसार, मंदसौर के मदारपुरा निवासी फरजाना (28) की शादी दस वर्ष पहले सोनगरी निवासी जावेद उर्फ भुरा खां मेवाती से हुई थी। शादी के बाद से ही मृतिका का पति जावेद उर्फ भुरू पिता शहजाद खान, ससुर शहजाद , सास रसीदा बी, देवर इंजू, देवरानी बुलबुल और ननद रूबिना उसे दहेज़ के लिए प्रताड़ित करने लगे थे। ससुराल वालों की प्रताड़ना के चलते मृतिका अक्सर मायके चली जाती थी। 28 अक्टूबर को आरोपियों ने मिलाकर फरजाना से साथ मारपीट की और उसका गला दबाकर हत्या कर उसे दफन कर दिया। आरोपियों ने मृतिका के परिजनों बताया कि उनकी बेटी बीमार है। उसका निजी अस्पताल में उपचार चल रहा है। इसके बाद बताया कि उसकी मौत हो गई।

#### कब्र से निकलवाया शव तो खुला राज...

मृतिका के पिता जहीर पिता मोहम्मद हुसैन निवासी मदारपुरा मंदसौर को आशंका हुई। उन्होंने 4 नवंबर को दलौदा थाने में एक आवेदन देकर बेटी के हत्या की आशंका व्यक्त की। इसके बाद दलौदा पुलिस ने एसडीएम के आदेश पर कब्र से मृतिका का शव निकलवाया। डिकम्पोज हो चुकी बॉडी को रतलाम मेडिकल कॉलेज भिजवाया। जहां से डॉक्टरों ने होमीसाइडल, सुसाईडल या स्ट्रेंग्युलेशन और मृतिका की मृत्यु गला दबाने के कारण या सिर मे लगी चोटों के कारण होना बताया। इसके बाद डॉक्टरों के पैनल से मृतिका के सिर मे जो चोट लगी है। वह सिर के किस स्थान पर है, के बारे में क्यूरी कराई गई। 21 नवंबर को क्यूरी से मिली रिपोर्ट में डॉक्टरों ने बताया कि शव के ऊपर गर्दन पर दबाव के साथ-साथ सिर पर चोट के निशान मिले है। वही डॉक्टरों ने सड़न की वजह से मस्तिष्क लाल रंग के होने का भी जिक्र मेडिकल रिपोर्ट में किया।

**सास ससुर सहित 6 पर हत्या का मामला**–दलौदा थाना प्रभारी संजीव सिंह परिहार ने बताया कि मेडिकल कॉलेज से पोस्टमार्टम रिपोर्ट मिलने और जांच में साक्ष्यों और गवाहों के आधार पर पुलिस ने पति जावेद उर्फ भुरू, ससुर शहजाद पिता मम्मू हजारी, सास रसीदा बी, देवर इंजु, देवरानी बुलबुल और ननद रूबिना पति अफरोज उर्फ लल्ला निवासी मेवाती पुरा जावरा के खिलाफ हत्या का प्रकरण दर्ज किया है। पुलिस आरोपी पति जावेद और उसके भाई इंजू को गिरफ्तार कर लिया है। शेष आरोपियों को पुलिस तलाश रही है।

# दो सौ करोड़ रुपए के घोटाले में 36 फर्जी फर्म के 80 लोगों पर प्रकरण दर्ज

### जांच में सामने आई है 10 करोड़ रुपए की टैक्स चोरी

**नीमच, 22 नवंबर गुरु एक्सप्रेस।** फर्जी फर्म बनाकर करीब 2 अरब रुपए के घोटाले में 36 फर्जी फर्म के खिलाफ प्रकरण दर्ज करते हुए 80 लोगों को आरोपी बनाया गया है। इस मामले में करीब 10 करोड़ रुपए टैक्स चोरी सामने आई थी। दो साल पहले हुई शिकायत की जांच के बाद आर्थिक अपराध अनुसंधान ब्यूरो ने इंदौर के एक व्यापारी को भी आरोपी बनाया है।

ईओडब्ल्यू के निरीक्षक अनिल शुक्ला ने बताया कि वर्ष 2019 में सेंट्रल गुड एंड सर्विस टैक्स को अग्रवाल सोया एक्स्ट्रैक्ट प्राइवेट लिमिटेड कंपनी (धामनिया, नीमच) के खिलाफ टैक्स चोरी की शिकायत मिली थी। सीजीएसटी टीम इसकी जांच कर ही रही थी कि इंदौर की कपिल ट्रेडिंग कंपनी ने ईओडब्ल्यू को शिकायत में बताया कि अग्रवाल सोया कंपनी के साथ दूसरी और भी फर्जी कंपनियों ने करोड़ों रुपए की हेराफेरी की है। जांच में पता चला कि अग्रवाल सोया कंपनी के मालिक गोपाल सिंघल, दीपक सिंघल सहित 80 लोगों ने धोखाधड़ी के लिए 36 फर्जी कंपनियां बना रखी हैं। इन कंपनियों ने खली और तेल के व्यापार की आड़ में अब तक 2 अरब रुपए का घोटाला किया है।

पुख्ता सबूत के बाद बुधवार को अग्रवाल सोया कंपनी के साथ ही सभी कंपनियों और उनके मालिकों के खिलाफ प्रकरण किया गया है। श्री शुक्ला ने बताया कि मामले में जल्द ही आरोपियों को गिरफ्तार किया जाएगा।

## नाहर सैयद तालाब के बाद अब तेलिया तालाब को खत्म करने की साजिश...

# मछलियों के शिकार के लिए डाले जा रहे जाल

**मंदसौर, 22 नवंबर गुरु एक्सप्रेस।** दशपुर शहर के तालाब व बावड़िया किसी समय पूरे शहर की प्यास बुझाते थे। फिर चाहे तेलिया तालाब हो या नाहर सैयद तालाब। इनके साथ ही अनेक बावड़िया थी, जो शहर की प्यास बुझाती थी। जहां तालाब जमीन में पानी का रिचार्ज करते है, वहीं बावड़ियो का शुद्ध पानी पेयजल के लिए उपयोग होता था। लेकिन अब नाहर सैय्यद तालाब अपने अस्तित्व को बचाने के लिए लड़ रहा है तो तेलिया तालाब को भी काफी हद तक खत्म कर दिया गया है। मतलब अतिक्रमण हो या गंदे पानी या केमिकल का तालाब में मिलना, तालाब को धीरे धीरे खत्म कर रहा है। इसके अलावा मछलियों के शिकारी भी नपा के अधिकारियों पर भारी पड़ रहे हैं। बकायदा जाल डालकर यहां मछलियां पकडी जा रही है। इसका प्रमाण है कि खुद बुधवार को सीएमओ सुधीर सिंह अमले के साथ पहुंचे। यहां जाल निकालकर जब्त किए गए। यह आज से नहीं बल्कि मत्स्याखेट पर प्रतिबंध के बाद भी लंबे समय से मछली पकड़ने का काम बदस्तुर जारी है।



#### छह साल पहले लगी थी मछली पकड़ने पर रोक...

बता दें कि तेलिया तालाब में मछली उत्पादन पर छह साल पहले वर्ष 2017 से रोक लगी हुई है। लेकिन, जिम्मेदार अधिकारियों ने कागजों में निर्देश जारी करने के बाद 6 सालों में इस तरफ देखा तक नहीं है। इसी कारण तालाब में अवैध रूप से मछली पकडी जा रही है। इसके लिए जाल बिछे हुए हैं। रात में मछलियां निकाली जा रही हैं। नपा के अधिकारी भी राजनीतिक हस्तक्षेप के कारण कार्रवाई नहीं कर पा रहे हैं। ठोस कार्रवाई के अभाव में यह अवैध काम यहां लंबे समय से हो रहा है। मालवा क्षेत्र की मीठे पानी की मछलियों की मांग देशभर मे रहती है। तेलिया तालाब में भी मीठे पानी में मछलियां हैं। यहां से सालाना लाखों की मछलियां निकाली जाती हैं। मीठे पानी की मछली इंदौर, भोपाल, कोलकाता, दिल्ली, जोधपुर, अजमेर, बिहार तक जाती हैं। तालाब से अवैध रूप से मछली पकडने से शासन को भी राजस्व का नुकसान हो रहा है।

#### आए दिन होते है विवाद...

तेलिया तालाब से अवैध रूप से मछली पकडने के चलते ठेकेदारों में प्रतिस्पर्धा भी चल रही है। 2017 से पहले बाबूलाल चौहान के पास ठेका था। बाद में ठेके के टेंडर नहीं होने के बावजूद मछली पकडने का कार्य किया जा रहा है। इसके चलते विवाद भी होते रहे हैं। कुछ साल पहले मछली पकड़ रहे कर्मचारियों पर हमला भी हुआ था। तालाब से मछली पकडने के लिए कई बार विवाद सामने आते रहते है। तालाब से मछली पकडने की नगर पालिका के अधिकारियों के पास लगातार शिकायते पहुंच रही हैं। लेकिन, राजनीतिक हस्तक्षेप के चलते अधिकारी कार्रवाई करने से डर रहे हैं।

#### आमजन के विरोध से बंद हुआ ठेका...

तेलिया तालाब में 2016 तक मछली उत्पादन का... **शेष पेज 4 पर**

# आज से शुरू होने वाले पाटोत्सव मेले की मिली चुनाव आयोग से अनुमति, नपा की तैयारी अधूरी

### विधायक सिसोदिया, बीजेपी राष्ट्रीय नेता गुर्जर ने की राज्य निर्वाचन आयुक्त से चर्चा, बुधवार को नपा ने दूकानों के फॉर्म वितरित किए





**मंदसौर, 22 नवंबर गुरु एक्सप्रेस।** नगर पालिका कर्मियों की लापरवाहीं के चलते भगवान पशुपतिनाथ का पाटोत्सव मेला अपनी रंगत खोता जा रहा है। पिछले साल निर्णयों में देरी के कारण मेला तय समय पर आकार नहीं ले पाया था। इस बार आचार संहिता में आयोग से अनुमति लेने में नपा ने देर कर दी। जिसके कारण आज देवोत्थान एकादशी से शुरू होने वाले पाटोत्सव मेले की एक दिन पहले तक रूपरेखा भी तैयार नहीं हो पाई। हालांकि बुधवार की देर शाम चुनाव आयोग से अनुमति मिल गई। इसको लेकर विधायक यशपाल सिंह सिसोदिया ने राज्य निर्वाचन आयुक्त से दूरभाष पर चर्चा की थी। बीजेपी के राष्ट्रीय नेता बंशीलाल गुर्जर ने भी चुनाव आयुक्त से बात कर अनुमति जारी करने की मांग की थी। इसके बाद बुधवार की देर शाम निर्वाचन आयोग ने नपा के प्रस्ताव पर सहमति जताई। बुधवार को ही नगर पालिका ने मनिहारी दुकानों के लिए फॉर्म वितरित किए है।

प्रतिवर्ष भगवान पशुपतिनाथ मंदिर परिसर में कार्तिक मेला लगता है। कार्तिक एकादशी पर पशुपतिनाथ पाटोत्सव के साथ ही मेले की शुरुआत हो जाती है। इस बार नगर पालिका की लेतलाली के चलते समय पर मेले की चुनाव आयोग से अनुमति नहीं मिल पाई। विधायकयशपाल सिंह सिसोदिया की सक्रियता के बाद बुधवार की देर शाम चुनाव आयोग से मेले को लेकर अनुमति मिल पाई। निर्वाचन आयोग ने पत्र लिखकर कहा कि उन्हें नपा द्वारा भेजे गए प्रस्ताव पर कोई आपत्ति नहीं है। इस अनुमति के बाद अब मेले को लेकर स्थिति साफ हो गई है। लेकिन, इस देरी के कारण आज तय समय पर मेला प्रारंभ नहीं हो पाऐगा। इसका सबसे ज्यादा नुकसान मेले में आने वाले झूला-चकरी और अन्य व्यापारियों को होगा। क्योंकि, कार्तिक एकादशी के साथ शुरू होने वाले मेले में व्यापारी झूला चकरी और अन्य सामानों के साथ मेला ग्राउंड में पहुंच गए है। लेकिन, एक दिन पहले तक भी धरातल पर कोई व्यवस्था नहीं जुट पाई है। उधर नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमती रामादेवी गुर्जर का कहना है की गुरुवार से शुरू होने वाले मेले को औपचारिक रूप से जिला प्रशासन की ओर से शुरू करवा दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि आचार संहिता के चलते देर हुई है। बता दे की पिछले साल भी कार्तिक पूर्णिमा तक रंगत नहीं जमी थी। नगर पालिका की लापरवाहीं का आलम यह है कि पिछले साल किसी तरह की आचार संहिता नहीं थी, सब कुछ नगर पालिका के जिम्मे था। बावजूद इसके नगर पालिका देवउठनी एकादशी पर मेले को प्रारंभ नहीं कर पाई थी। मेला कार्तिक पूर्णिमा पर अपनी पूरी रंगत पर होता है। लेकिन, पिछले साल कार्तिक पूर्णिमा तक दूकानदार अपनी दूकाने ही जमा रहे थे। क्योंकि नपा ने न तो समय पर व्यवस्थाऐ जुटाई थी और ना ही मेले की तैयारियों को अंतिम रूप दिया था। जिसके कारण पिछले साल भी व्यापारियों को निराशा हाथ लगी थी।

#### आचार संहिता में भी सजा था मेला...

यह पहला अवसर नहीं है जब पशुपतिनाथ मेले पर आचार संहिता का साया हो। इससे पहले भी आचार संहिता लगी है, चुनाव हुए है और मेला भी लगा है। तब किसी तरह के सांस्कृतिक आयोजन नहीं हुए। लेकिन, दुकाने लगी और मेला अपनी पूरी रंगत के साथ लगा भी है। यह पहला अवसर है, जब आचार संहिता के कारण मेला पूरी तरह से प्रभावित हो रहा है।

29 वीं पुण्यतिथि

वक्त के साथ जख्म तो भर जाएंगे,
मगर जो बिछड़े सफर जिंदगी में, फिर ना कभी लौट कर आएंगे।।



स्व.श्री मोतीलालजी धनोतिया

की 29 वीं पुण्यतिथि पर

हार्दिक श्रद्धांजलि

*********** श्रद्धानवत ************

धनोतिया परिवार, सुवासरा, जिला-मंदसौर (म.प्र.)

* जगन्नाथ मोतीलाल चांदी जेवर तथा कपड़े के व्यापारी, फोन-220041
* छगनलाल मोतीलाल हार्डवेयर व पेन्ट के विक्रेता, फोन-220061
* गोविन्दराम मोतीलाल चांदी जेवर के विक्रेता, फोन-2200429
* धनोतिया मेडिकल * पोरवाल मोटर्स, मो.-9424035656
* धनोतिया ऑटो मोबाईल, मो.-9424042540 * पोरवाल पेपर उद्योग, मो. 9425977930
* धनोतिया टीवी सेन्टर, मंदसौर * पूर्णायू वेयर हाउस, घसोई
* धनोतिया वेयर हाउस, सुवासरा * धनोतिया ज्वेलर्स, फोन-220841

# सत्ता विरोधी मतों के विभाजन पर टिका सिंहासन

**भोपाल, 22 नवंबर गुरु एक्सप्रेस।** मध्यप्रदेश के संभावित चुनाव नतीजे पर चर्चाओं के बीच पार्टियों द्वारा दावों के मामले में कड़ी टक्कर ही बताई जा रही है। मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान 140 सीट जीतने का दावा कर रहे हैं तो दिग्विजय सिंह 130 सीटों पर कांग्रेस की जीत बता रहे हैं। चुनाव के एग्जिट पोल 30 नवंबर की शाम को ही आएंगे। इसके बाद ही नतीजों के पहले हवा का रुख थोड़ा बहुत समझा जा सकेगा।

फिलहाल, दोनों दलों के दावों में 10 सीटों का अंतर दिखाई पड रहा है। मतदाताओं की खामोशी से पूरा चुनाव सत्ताविरोधी लहर और लाडली बहना योजना के बीच सिमट गया है। दोनों दलों ने अपने-अपने मुद्दों का घूंट मतदाताओं के गले में उतारने की पूरी कोशिश की लेकिन मतदान के बाद दोनों दलों की बेचैनी कम होने की बजाय बढ़ती हुई दिखाई पड रही है। मत प्रतिशत और सीटों के गणित के एग्जिट पोल के पहले अगर चुनावी अभियान में प्रभावी मुद्दों और प्रबंधन का एग्जिट पोल ईमानदारी से किया जाये तो जनादेश की दिशा साफ तौर से देखी जा सकती है। मध्यप्रदेश के इस चुनाव में सत्ता के सिंहासन की चाबी सत्ता विरोधी मतों के विभाजन पर टिकी है। यह चुनाव एमपी में हुए 2008 के चुनाव की बानगी पेश कर रहा है। 2008 के चुनाव में तीसरे दल, निर्दलीय और अन्य प्रत्याशियों को करीब 27।15% मत प्राप्त हुए थे। यह ऐसा चुनाव था जब बीजेपी में उमा भारती के रूप में सबसे बड़ी बगावत हुई थी। ऐसा माना जा रहा था कि उमा भारती की भारतीय जनशक्ति पार्टी के कारण बीजेपी को भारी नुकसान होगा लेकिन चुनाव नतीजे ने यह साबित किया कि सत्ता विरोधी मतों का विभाजन हो जाने के कारण मुख्य विपक्षी दल को लाभ नहीं मिला। कमोबेश ऐसे ही हालात मध्यप्रदेश के इस चुनाव में भी देखे जा रहे हैं। मध्यप्रदेश में मुख्य मुकाबला कांग्रेस और बीजेपी के बीच में ही होता रहा है। 2003 में तीसरे दल और निर्दलियों को 21।94% मत प्राप्त हुए थे। साल 2013 में तीसरे दल और निर्दलियों को 18।75 प्रतिशत और 2018 में 18।1 प्रतिशत मत तीसरे दल और निर्दलीय प्रत्याशियों को मिले थे। वर्तमान चुनाव में सपा, बसपा, आम आदमी पार्टी और दोनों दलों से बगावत कर निर्दलीय उतरे प्रत्याशियों की भारी संख्या को देखते हुए ऐसा पूर्व अनुमान किया जा सकता है कि तीसरे दल और निर्दलियों को 20% से अधिक मत मिलने जा रहे हैं। कांग्रेस के इस चुनाव के मुख्य रूप से दो मुद्दे रहे हैं। पहला सत्ताविरोधी लहर और दूसरा जनता में बदलाव की बयार। चुनावी प्रबंधन और वित्तीय मैनेजमेंट की दृष्टि से कांग्रेस का चुनावी अभियान अप टू द मार्क नहीं रहा है। कांग्रेस को जझड के मुद्दे का सबसे बड़ा लाभ होता दिखाई पड रहा है। कर्मचारियों में भाजपा सरकार के खिलाफ नाराजगी देखी गई है। इसका कारण प्रमोशन का रुका होना भी माना जा रहा है। कांग्रेस की ओर से चुनावी अभियान में स्थानीय मुद्दे और राज्य सरकार के गवर्नेंस को प्रमुखता नहीं मिल पाई है। कांग्रेस की ओर से पूरा चुनाव जातिगत जनगणना और मोदी विरोधी भाषणों तक ही सीमित रहा है।

विधानसभा चुनाव में स्थानीय नेतृत्व और गवर्नेंस जहां सबसे बडा मुद्दा होना चाहिए था वहीं कांग्रेस नेता बदलाव के सबसे बड़े कारक कर्मचारियों को भी अपने साथ जोड़े रखने की बजाय कई जगहों पर उनके साथ धमकी भरे लहजे में व्यवहार करते देखे गए हैं। मतदान के बाद भी कांग्रेस की ओर से कथित रूप से कांग्रेस के खिलाफ काम करने वाले कर्मचारियों-अधिकारियों की सूची तैयार करने के लिए बाकायदा परिपत्र जारी किया गया है, जो शायद मतगणना में कर्मचारियों को दबाव में रखने के लिए किया गया होगा लेकिन जो वर्ग सबसे ज्यादा खुलकर कांग्रेस के समर्थन में रहा है इस कर्मचारी वर्ग को विलेन के रूप में पेश करने की कांग्रेस की रणनीति समझ के बाहर है। इस चुनाव में दोनों दलों की ओर से किसानों और महिलाओं को सुविधा और सहूलियतें देने को बड़े मुद्दे के रूप में प्रस्तुत किया। यह चुनाव किसान वर्सेस लाडली बहना योजना के बीच होता दिखाई पड रहा है। किसानों के मामले में कांग्रेस जहां पहले बढ़त में दिखाई पड रही थी वहीं इस चुनाव में किसान कर्जमाफी का मुद्दा बहुत अधिक प्रभावी दिखाई नहीं पड़ा। बीजेपी ने अपने संकल्प पत्र में किसानों के लिए एमएसपी गेहूं 2700 रुपए प्रति क्विंटल और धान ? 3100 प्रति क्विंटल घोषित करके कांग्रेस के किसान हितैषी कदमों को कुंद करने की कोशिश की। मतदान के एक दिन पहले ही भारत सरकार की ओर से मिलने वाली सम्मान निधि किसानों के खाते में भेजी गई। इसका भी इस चुनाव में असर दिखाई पड सकता है। चुनावी अभियान के दौरान ही पीएम मोदी द्वारा गरीबों को हर माह मिल रहे मुफ्त राशन को अगले 5 साल तक और देने की घोषणा की गई। इसका भी असर मतदाताओं पर पडा है। जनता से जुडी योजनाओं के लाभार्थियों के वर्ग का मतदान पर असर ही बढ़े मतदान के रूप में देखा जा रहा है। इस चुनाव में महिलाओं का कॉन्ट्रीब्यूशन सर्वाधिक होने जा रहा है। महिलाओं के मतों में वृद्धि के कारण राजनीतिक विश्लेषकों के सारे गणित गड़बड़ाते दिखाई पड रहे हैं। जो कांग्रेस समर्थक पहले एक तरफा जीत का दावा कर रहे थे अब उनकी ओर से भी टक्कर की बात कही जा रही है। शिवराज सरकार की लाडली बहना योजना ने इस चुनाव में कमाल का परफॉर्मेंस किया है। लाडली बहना योजना की नवंबर माह की राशि मतदान के एक सप्ताह पहले लाडली बहनों के खाते में डाली गई थी। इसका भी चुनाव नतीजे पर असर दिखाई पड़ेगा।

कांग्रेस द्वारा महिलाओं को लुभाने के लिए नारी सम्मान योजना की भरपूर मार्केटिंग की गई लेकिन लाड़ली बहना योजना की हवा में नारी सम्मान योजना टेकऑफ ही नहीं कर सकी। लाभार्थी वर्ग में मुस्लिम महिला लाभार्थियों द्वारा भी बीजेपी के पक्ष में मतदान की खबरें चौंका रही हैं। चुनाव परिणाम से इसको समझना काफी महत्वपूर्ण होगा। कांग्रेस का सबसे बडा सुनिश्चित जनाधार मुस्लिम वर्ग में ही माना जा रहा था। मध्यप्रदेश में भोपाल उत्तर, भोपाल मध्य दो सीट हैं, जहां कांग्रेस की ओर से मुस्लिम प्रत्याशी चुनाव मैदान में हैं। इन दोनों सीटों पर मुस्लिम जनसंख्या पर्याप्त है फिर भी मतदान में मुस्लिम इलाकों में अति उत्साह नहीं देखा गया। मध्यप्रदेश में कांग्रेस ने स्वयं को हिंदूवादी साबित करने में कोई कसर नहीं छोडी। इसको लेकर भी मुसलमानों में निराशा का भाव हो सकता है। मध्यप्रदेश चुनाव में अभियान की शुरुआत और मतदान की तिथि आते-आते जमीनी हकीकत काफी बदल गई है। जमीनी पॉलिटिक्स की नब्ज पर हाथ रखने वाले राजनेता यह बात बखूबी समझ रहे हैं। सत्ताविरोधी रुझान बहुत पहले से स्पष्टता से महसूस किया जा रहा था। इसलिए बीजेपी ने योजनाबद्ध तरीके से सत्ताविरोधी मतों को विभाजित करने की रणनीति पर काम किया। 2008 में इसी रणनीति पर मिली सफलता को बीजेपी ने फिर से अपनाया है। लाडली बहना योजना का अंडर करंट नतीजों को उलटफेर करने में सक्षम दिखाई पड़ रहा है। महिलाओं का बढ़ा मत प्रतिशत इसी ओर इशारा कर रहा है कि महिलाओं ने बढ़-चढ़कर मतदान में हिस्सा लिया है। ग्वालियर-चंबल अंचल में भी कांग्रेस अपनी बढ़त देख रही है। इस अंचल में पिछले चुनाव में कांग्रेस ने अच्छी सफलता हासिल की थी। इस चुनाव के जो संकेत सामने आ रहे हैं उसमें यह तो निश्चित है कि कांग्रेस इस अंचल में अपनी पुरानी सफलता नहीं दोहरा पा रही है। बीजेपी को इस इलाके में जितना फायदा होगा उतना ही उसका भविष्य सुरक्षित हो सकेगा। कई दिग्गजों के विधानसभा क्षेत्र में मत प्रतिशत 5% के आसपास बढ़ा है। इसके कारण भी सारे गणित गड़बड़ाते दिखाई पड रहे हैं। चुनाव में पैसों का उपयोग और महत्व सर्वविदित है। इस मामले में भी कांग्रेस कमजोर पड़ती दिखाई पड़ी है। अगर कांग्रेस सूत्रों पर भरोसा किया जाए तो पार्टी की ओर से प्रत्याशियों को भोपाल से कोई पैसा नहीं दिया गया। एआईसीसी से सीधे प्रत्याशियों के खाते में पैसे दिए जाने की खबर है। दूसरी तरफ प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष ही भाजपा पर पैसा पावर और प्रशासन का दुरुपयोग करने का आरोप लगा रहे हैं। चुनावी प्रबंधन, चुनावी अभियान और चुनावी मुद्दों का अगर एग्जिट पोल किया जाए तो कांग्रेस के लिए कोई खुशी की खबर दिखाई नहीं पड़ रही है। सारा दारोमदार तीसरे दल और निर्दलियों के बीच सत्ता विरोधी मतों के विभाजन पर टिका है। जो पूर्वानुमान लगाए जा रहे हैं अगर वह सही बैठते हैं तो इस चुनाव में बीजेपी को 42% मत और कांग्रेस को 38% मत मिलने की संभावना है। शेष 20% मत तीसरे दलों और निर्दलियों के खाते में जा सकता है। इसी गणित में सत्ता की चाबी है। सीटों का एग्जिट पोल 30 नवंबर तक प्रतिबंधित है। सीटवार संभावित नतीजे उसके बाद ही दिए जा सकेंगे।



# अन्नकूट महोत्सव जैसे सामाजिक कार्यक्रम समाज में एकता का निर्माण करते है-मारोठिया

## मेवाड़ा सेन समाज पंचायत का अन्नकूट महोत्सव सम्पन्न

**मंदसौर, 22 नवंबर गुरु एक्सप्रेस।** मेवाड़ा सेन समाज मंदसौर द्वारा सत्यनारायण की बगीची स्थित मंदिर में अन्नकूट महोत्सव एवं दीपावली मिलन समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि अध्यक्ष श्री ब्रजेशसेन मारोठिया, वरिष्ठश्री फकीरचंद परिहार, श्री नंदकिशोर राठौर, श्री सत्यनारायण सकवाया, सेन युवा संगठन अध्यक्ष श्री विनोद परिहार, माँ नारायणी माता महिला मण्डल अध्यक्ष श्रीमती कलादेवी गंगवाल उपस्थित थे। कार्यक्रम के लाभार्थी श्रीमती रामकन्या स्व. रामनारायण सकवाया संजय रूद्राक्ष सकवाया परिवार थे।

इस अवसर पर मुख्य अतिथि समाज अध्यक्ष ब्रजेशसेन मारोठिया ने कहा कि अन्नकूट महोत्सव जैसे सामाजिक कार्यक्रम समाज में एकता का निर्माण करते है। समाज की गतिविधियां समाज की प्रगति में सहायक होती है। सेन युवा संगठन के अध्यक्ष श्री परिहार ने कहा कि सेन समाज अपने सामाजिक दायित्वों का अच्छी तरह निर्वहन कर रहा हैं। समाज द्वारा हर धार्मिक पर्वों पर सामाजिक गतिविधियां आयोजित की जाती है। प्रारंभ में अतिथियों ने सेनजी महाराज एवं माँ नारायणी सहित परिसर में स्थित भगवान की श्री विग्रहों को अन्नकूट का भोग लगाया गया। तत्पश्चात् अतिथियों ने सेनजी महाराज व माँ नारायणी माता की महाआरती की। महाआरती के पश्चात् भगवान को अन्नकूट का भोग लगाकर समाजजनों ने भोजन प्रसादी ग्रहण की। इस अवसर पर लाभार्थी परिवार के श्रीमती रामकन्या सकवाया व संजय सकवाया का दुपट्टा पहनाकर बहुमान किया। कार्यक्रम में डॉ. घीसालाल गंगवाल, कमल बी मारोठिया, जगदीशचन्द्र मारोठिया सांईकृपा, प्रकाश मारोठिया, नन्दकिशोर गेहलोद, ईश्वरलाल गंगवाल, अशोक चौहान, कमलेश मारोठिया, दिनेश गेहलोद, महेश परिहार, मुकेश सेन रानाखेड़ा, राजेश चौहान, नागेश्वर चौहान, दशरथ पारस पुहार अंकुश मारोठिया, शरद सकवाया, आदित्यसेन मारोठिया, आशीष गंगवाल, दीपक परिहार, सत्यनारायण मारोठिया, दीपक मारोठिया, संजय सकवाया, श्याम सेन, अजय मारोठिया, कुणाल पंवार, शैलेन्द्र मारोठिया, शुभम मारोठिया, अमित मारोठिया राहुल मारोठिया, , देव चौहान सहित समाजजन, मातृशक्ति, युवा एवं क्षेत्रवासी आदि उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन आदित्यसेन मारोठिया ने किया एवं आभार शरद सकवाया ने माना। उक्त जानकारी शुभम मारोठिया ने दी।



## कलेक्टर ने किया मतगणना स्थल का निरीक्षण

**मंदसौर, 22 नवंबर गुरु एक्सप्रेस।** विधानसभा निर्वाचन 2023 के तहत निर्वाचन मतगणना की कार्यवाही आगामी 03 दिसम्?बर को सम्पन्न की जाना हैं। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री दिलीप कुमार यादव ने मतगणना केन्द्र स्थल जिले के शासकीय महाविद्यालय के परिसर एवं स्ट्रांग रूम का औचक निरीक्षण करते हुए स्ट्रांग रूम एवं सुरक्षा व्यवस्था की निगरानी हेतु लगे सीसीटीवी का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने मतगणना में लगे नोडल अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि सभी अपने दिये हुए कार्य को कुशलतापूर्वक सम्पादित कर पूर्ण करें।



## पीजी कालेज नीमच में 3 को होगी मतगणना

**नीमच, 22 नवंबर गुरु एक्सप्रेस।** विधानसभा निर्वाचन 2023 के तहत डाले गए मतों की गणना 3 दिसम्बभर 2023 को पी.जी.कॉलेज नीमच में होगी। कलेक्टर श्री दिनेश जैन एवं एसपी श्री अमित कुमार तोलानी ने अधिकारियों के साथ मतगणना स्थल, मतगणना परिसर, का निरीक्षण कर, मतगणना तैयारियों का जायजा लिया। इस मौके पर एडीएम सुश्री नेहा मीना, जिला पंचायत सीईओ श्री गुरूप्रसाद, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री नवलसिह सिसौदिया, उप निर्वाचन अधिकारी श्री संजीव साहू, संयुक्ति क्लेक्टर श्री राजेश शाह एवं अन्यय जिला अधिकारी उपस्थित थे।

कलेक्टर एवं एसपी ने मतगणना केंद्र पर मतगणना कर्मियों, मतगणना अभिकर्ताओं और मीडियाकर्मियों के प्रवेश की व्यवस्था, पार्किंग की व्यवस्थाओ, मीडिया सेंटर स्थापना, चिकित्सा कक्ष स्थापना, सहित अन्य व्यवस्थाओं का मौके पर अवलोकन किया और संबंधित नोडल अधिकारियों को आवश्यक प्रबंध सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। कलेक्टर एवं एसपी ने मतगणना केंद्र पर सुरक्षा जांच की व्यंवस्था का निरीक्षण कर आवश्यक निर्देश भी दिए। इस मौके पर बताया गया कि मतगणना केंद्र पर मीडिया सेंटर तक मीडिया कर्मियों को मोबाईल ले जाने की अनुमति रहेगी। इसके अलावा किसी को भी मतगणना स्थल पर बगैर वैध प्रवेश पत्र के ना तो प्रवेश दिया जाएगा। मतगणना केंद्र पर मोबाईल के साथ प्रवेश पूर्णत: वर्जित रहेगा। मतगणना स्थल पर कॉलेज के पीछे मीडिया कर्मियों, अभिकर्ताओं और मतगणना के वाहनों की पार्किंग व्यवस्था रहेगी और कॉलेज के पीछे प्रवेश व्दार से ही इनके मतगणना परिसर में प्रवेश की पृथक पृथक बेरिकेटिंग्स के साथ निर्धारित स्थान तक प्रवेश की व्यवस्था रहेगी। प्रवेश व्दार पर सुरक्षा जांच और प्रवेश पत्रों की जांच के बाद ही प्रवेश की अनुमति दी जाएगी।

## लोड़किया में पांच दिवसीय श्री संकट मोचन मारूति महायज्ञ आज से

**मनासा, 22 नवंबर गुरु एक्सप्रेस।** समीपस्थ गांव लोडकिया में बस स्टेंड स्थित बालाजी मंदिर पर समस्त ग्रामवासियों के सहयोग से पांच दिवसीय श्री संकट मोचन मारूति महायज्ञ का आयोजन किया जा रहा है। महायज्ञ का आयोजन यज्ञाचार्य पण्डित अभिषेक पाराशर द्वारा 23 नवंबर गुरूवार से 27 नवंबर तक प्रतिदिन सुबह 8 से 12 बजे तक किया जाएगा। महायज्ञ के दौरान 23 नवंबर सुबह 8 बजे से कलश यात्रा एवं 21 मीटर चूनर यात्रा, 24 नवंबर को शीतला माता पूजन, अभिषेक एवं हवन, 27 नवंबर को अभिजीत मुहूर्त में हनुमंत प्रतिष्ठा, कलश स्थापना, पूर्णाहुति के साथ ही दोपहर एक बजे महाआरती एवं दोपहर दो बजे महा प्रसादी वितरित की जाएगी। इस दोरान पंडित रमेशचन्द्र पुरोहित द्वारा प्रतिदिन श्रीराम कथा का वाचन किया जाएगा। लोडकिया के ग्रामीणों ने आसपास के ग्रामीणों को अधिक से अधिक संख्या में पहुंचकर धर्मलाभ लेने की अपील की हैं।

# सात दिवसीय श्रीमद् भागवत कथा का हुआ समापन

## जो काम प्रेम के माध्यम से संभव है, वह हिंसा से संभव नहीं-आचार्य गोपाल कृष्ण महाराज

**मंदसौर, 22 नवंबर गुरु एक्सप्रेस।** नगर के नरसिंहपुरा क्षेत्र स्थित श्री चारभुजा नाथ कुमावत धर्मशाला में चल रही सात दिवसीय श्रीमद भागवत कथा का बुधवार को समापन हुआ। भागवत कथा में चार वेद, पुराण, गीता एवं श्रीमद् भागवत महापुराण की व्याख्या, प्रभुपाद, आचार्य गोपाल कृष्ण महाराज श्रीधाम वृन्दावन वाले के मुखारविंद से उपस्थित भक्तों ने श्रवण किया। विगत सात दिनों तक भगवान श्री कृष्ण जी के वात्सल्य प्रेम, असीम प्रेम के अलावा उनके द्वारा किए गए विभिन्न लीलाओं का वर्णन कर वर्तमान समय में समाज में व्याप्त अत्याचार, अनाचार, कटुता, व्यभिचार को दूर कर सुंदर समाज निर्माण के लिए युवाओं को प्रेरित किया।

इस धार्मिक अनुष्ठान के सातवें एवं अंतिम दिन भगवान श्री कृष्ण के सर्वोपरी लीला श्री रास लीला, मथुरा गमन, दुष्ट कंस राजा के अत्याचार से मुक्ति के लिए कंसबध, कुबजा उद्धार, रुक्मणी विवाह, शिशुपाल वध एवं सुदामा चरित्र का वर्णन कर लोगों को भक्तिरस में डुबो दिया। इस दौरान भजन गायन ने उपस्थित लोगों को ताल एवं धुन पर नृत्य करने के लिए विवश कर दिया। आर्चाश्री ने सुंदर समाज निर्माण के लिए गीता से कई उपदेश के माध्यम अपने को उस अनुरूप आचरण करने कहा जो काम प्रेम के माध्यम से संभव है, वह हिंसा से संभव नहीं हो सकता है। समाज में कुछ लोग ही अच्छे कर्मो द्वारा सदैव चिर स्मरणीय होता है, इतिहास इसका साक्षी है। लोगों ने सातों दिन इस संगीतमयी भागवत कथा का आनंद उठाया। इस सात दिवसीय भागवत कथा में आस-पास क्षेत्र के अलावा दूर दराज से भी महिला-पुरूष भक्तों ने इस कथा का आनंद उठाया। सात दिनों तक इस कथा में पुरा वातावरण भक्तिमय रहा।



प्रवचन के बाद उपस्थित भक्तों के बीच प्रसाद वितरण किया गया। इस अवसर पर जजमान के रुप में युवा प्रेस क्लब के अध्यक्ष महावीर जैन, उपाध्यक्ष विपिन चौहान, सचिव दवैन्द्र मौर्य, सचिन जैन, ओम कुमावत, महेश लोहार, कुलदीप सिंह शक्तावत आदि ने आचार्यश्री का सम्मान कर आशीर्वाद प्राप्त किया है। कथा के लाभार्थी रामचंद्र कुमावत, दिनेश कुमावत, ललीत कुमावत (हरवा) ने बताया कि श्रीमद भागवत कथा महोत्सव किया जा रहा है। जिसमें क्षेत्र के भक्तजन पहुंचकर कथा का रसपान प्रतिदिन कर रहे है। उन्होने बताया कि कथा समापन के दूसरे दिवस को तुलसी विवाह का आयोजन किया जाएगा। माता तुलसी की बारात लेकर मंडफिया धाम से माता को ब्याहने श्री सांवलिया सेठ स्वयं पधारेंगे।

## एडीएम ने किया मूक बधिर विद्यालय का निरीक्षण

**नीमच, 22 नवंबर गुरु एक्सप्रेस।** एडीएम सुश्री नेहा मीना ने बुधवार को नीमच में रेडक्रास द्वारा संचालित मूक बधिर विद्यालय का निरीक्षण किया और यहां संचालित हो रही साइन लैंग्वेज स्मार्ट क्लासेस का जायजा लिया। एडीएम ने शिक्षा ग्रहण कर रहे बच्चों से भी चर्चा की व छात्रावास में निवासरत मूक बधिर छात्र-छात्राओं को परोसे जाने वाले भोजन की गुणवत्ता को भी परखा गया। एडीएम नेहा मीना ने बच्चों के साथ पंगत में बैठकर भोजन ग्रहण किया और भोजन की गुणवत्ता परखी। उन्होने वृद्ध आश्रम की व्यवस्थाओं का भी जायजा लिया।

एडीएम सुश्री नेहा मीना ने बताया कि, मूक बधिर विद्यालय में दो माह पूर्व बच्चों के लिए साइन लैंग्वेज स्मार्ट क्लासेस का शुभारंभ किया गया है, जिसका संचालन सुचारू रूप से चल रहा है। बच्चे साइन लैंग्वेज की शिक्षा ग्रहण कर रहे हैं, हमारा प्रयास है कि सभी बच्चों को साइन लैंग्वेज का ज्ञान अच्छी तरह से हो। इंदौर की संस्था द्वारा साइन लैंग्वेज की क्लासेस ली जा रही है जो वर्तमान में 3 दिन चल रही है आगामी दिनों में इसको बढ़ाया जाएगा। साइन लैंग्वेज में और कितने विषय जोड़े जा सकते हैं उसको लेकर भी प्रयास चल रहे हैं। इसके अलावा यहां के बच्चों ने मंदसौर पशुपतिनाथ और झनेश्वर महादेव घुमने की इच्छा भी जाहिर की है इस संबंध में भी जल्द ही प्रयास कर बच्चों का एक भ्रमण कार्यक्रम तैयार किया जा रहा है। इस मौके पर डिप्टी कलेक्टर सुश्री किरण आंजना एवं मूक बधिर विद्यालय का स्टॉफ एवं छात्र-छात्रायें उपस्थित थी।

## आंवला नवमी पर मातृशक्तियों ने करी सुख समृद्धि की कामना



**सुवासरा, 22 नवंबर गुरु एक्सप्रेस।** सुवासरा नगर में प्रतिवर्तनुसार इस वर्ष भी स्थानीय इंदिरा गणपति चौराहा स्थित चिंता हरण रिद्धि सिद्धि के दाता सिध्दीविनायक गणेश मंदिर पर कल दिनांक 21 नवंबर वार मंगलवार को सुवासरा नगर की सर्वधर्म मातृशक्तियों ने आंवला नवमी के पावन पर्व पर चिंता हरण गणेश मंदिर पर विधि विधान तरीके से सभी मातृशक्तियों ने पूजा अर्चना की वही सुख समृद्धि की ईश्वर से प्रार्थना की गई वही सुवासरा नगर वह आसपास क्षेत्र में व्यापार व्यवसाय चले ऐसी मात्र शक्तियों के द्वारा गणपती जी से आशीर्वाद मांगा उक्त आशय की जानकारी चिंता हरण गणेश मंदिर के पंडित पुजारी राजेंद्र तिवारी ने एक प्रेस नोट के माध्यम से दी।

## जैन कार्यकर्ताओं की लेंगे बैठक

**मंदसौर, 22 नवंबर गुरु एक्सप्रेस।** 224 मंदसौर विधानसभा कांग्रेस प्रत्याशी श्री विपिन जैन 23 नवंबर 2023,गुरुवार को दोपहर 12:30 बजे गांधी



भवन जिला कांग्रेस कार्यालय मंदसौर पर मन्दसौर विधानसभा के कार्यकर्ताओं, पदाधिकारियों, निर्वाचित जन प्रतिनिधियों, वरिष्ठ नेताओं ,मण्डलम/सेक्टर अध्यक्षगण,मोर्चा संगठन,विभाग व प्रकोष्ठ के पदाधिकारीगण, बीएलओ, पोलिंग एजेंट सहित कांग्रेस परिवार के सभी साथियों की बैठक में आभार व्यक्त करेंगे। आगे की जानकारी देते हुए जिला कांग्रेस प्रवक्ता राजनारायण लाड़ ने बताया कि इस अवसर पर पूर्व विधायक श्री नवकृष्ण पाटिल,श्रीमती पुष्पा भारती, मंदसौर शहर ब्लॉक अध्यक्ष डॉ राघवेंद्र सिंह तोमर, ग्रामीण ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष विकास दसोरा, दलौदा ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष बसंती लाल सोलंकी व जिला कांग्रेस के पदाधिकारी, मोर्चा संगठन के जिला अध्यक्ष, इस अवसर पर उपस्थित रहेंगे।

## मेला की तैयारियों हेतु नपाध्यक्ष श्रीमती गुर्जर ने निरीक्षण किया

**मंदसौर, 22 नवंबर गुरु एक्सप्रेस।** भगवान श्री पशुपतिनाथ महादेव मेला परम्परानुसार नपा परिषद मंदसौर के द्वारा लगाया जाना हैं दिनांक 23 नवम्बर से देवउठनी एकादशी से यह मेला परम्परानुसार पशुपतिनाथ मंदिर के समीप मैदान में नपा परिषद के द्वारा लगाये जाने हेतु नपा प्रयासरत है। नपाध्यक्ष श्रीमती रमादेवी बंशीलाल गुर्जर एवं नपा परिषद के अधिकारीगण, कर्मचारीगण इस मेला के आयोजन हेतु निर्वाचन आयोग से अनुमति लेने हेतु काफी दिनों से प्रयास कर रहे है। निर्वाचन आयोग के पास नपा ने अनुमति हेतु पत्र व्यवहार भी किया है। अनुमति के अभाव में मेला की तैयारियां प्रभावित न हो इसके लिये भी नपा परिषद की अध्यक्ष श्रीमती रमादेवी बंशीलाल गुर्जर प्रतिदिन तीन चार दिवस से मेला स्थल पर पहुंचकर मेला की तैयारियों को देख रही है ताकि परम्परानुसार यह देवउठनी एकादशी अर्थात 23 नवम्बर से प्रारंभ हो जाये।

नपाध्यक्ष श्रीमती गुर्जर ने मेला की तैयारियों को लेकर मेला स्थल पर उपस्थित नपा के अधिकारीगणों, कर्मचारीगणों से चर्चा की और मेला के आयोजन के संबंध में जो भी आवश्यक कार्य हो, उन्हें करने हेतु कहा है। नपाध्यक्ष श्रीमती गुर्जर ने पशुपतिनाथ मेला में बाहर से आने वाले व्यापारियों को कोई परेशानी नहीं हो इसके लिये भी नपा के अधिकारियों कर्मचारियों को कहा है। श्रीमती गुर्जर ने बाहर से आये व्यापारीगण जो आ चुके है उनसे भी चर्चा की है और उन्हें परम्परानुसार जो भी सहयोग नपा से अपेक्षित है उन्हें देने का भरोसा दिलाया है।

## एग्जिट पोल तथा इसके परिणाम का प्रकाशन या प्रचार 30 तक पूर्णतः प्रतिबंधित रहेगा

**मंदसौर, 22 नवंबर गुरु एक्सप्रेस।** मध्यप्रदेश विधानसभा निर्वाचन-2023 की आदर्श आचरण संहिता प्रभावशील है। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी श्री अनुपम राजन ने बताया कि आदर्श आचरण संहिता के दौरान 7 नवंबर की सुबह 7 बजे से 30 नवम्बर की शाम 6:30 बजे तक निर्वाचन के संबंध में किसी भी प्रकार के एग्जिट पोल का आयोजन तथा प्रिंट या इलेक्ट्रॉनिक मीडिया द्वारा इसके परिणाम का प्रकाशन या प्रचार अथवा किसी भी अन्य तरीके से इसका प्रचार-प्रसार करने पर प्रतिबंध रहेगा। भारत निर्वाचन आयोग द्वारा 31 अक्टूबर 2023 को इस आशय की अधिसूचना जारी की गई थी। श्री राजन ने बताया कि लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम 1951 की धारा 126 क में यह प्रावधानित किया गया है कि कोई भी व्यक्ति कोई निर्गम मत सर्वेक्षण नहीं करेगा और किसी निर्गम मत सर्वेक्षण के परिणाम का ऐसी अवधि के दौरान जो निर्वाचन आयोग द्वारा इस संबंध में अधिसूचित की जाए, प्रिंट या इलेक्ट्रॉनिक मीडिया के माध्यम से प्रकाशन या प्रचार या किसी भी प्रकार की अन्य रीति से प्रसार नहीं करेगा। यदि कोई व्यक्ति प्रावधान का उल्लंघन करेगा, तो ऐसी अवधि के कारावास से जो दो वर्ष तक की हो सकेगी या जुर्माने से या दोनों से, दण्डनीय होगा।

# मतगणना कार्य अति महत्वपूर्ण है, इसे सावधानीपूर्वक करें-जैन

**नीमच, 22 नवंबर गुरु एक्सप्रेस।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री दिनेश जैन ने बुधवार को कलेक्टोरेट सभाकक्ष में बैठक आयोजित की गई। बैठक में कलेक्टर ने बताया, कि मतगणना कार्य एक अत्यन्त महत्वपूर्ण कार्य है, मतगणना का कार्य सावधानीपूर्वक करें। इसमें किसी तरह की गलती न हो गणना के दौरान पूरी पारदर्शिता व निष्पक्षता बरते तथा निर्वाचन नियमों का अनुसरण करें। इस अवसर पर एडीएम सुश्री नेहा मीना, जिला पंचायत सीईओ श्री गुरूप्रसाद, उप जिला निर्वाचन अधिकारी श्री संजीव साहू, संयुक्त कलेक्टर श्री राजेश शाह, तीनो एस.डी.एम. सहित जिला अधिकारी उपस्थित थे।



बैठक में मास्टर ट्रेनर्स डॉ.राजेश पाटीदार ने ईव्हीएम से मतों की गिनती की प्रक्रिया को प्रजेन्टेशन के माध्यम से समझाया। उन्होने आंतरिक सुरक्षा घेरे का प्रोटोकॉल, मतगणना स्थल का आयोग द्वारा अनुमोदन एवं गणना स्थल की व्यवस्था, विधानसभावार कक्षों के क्रमांक, राउण्ड की संख्या, काउंटींग एजेंट, गणना हॉल में अभ्यर्थियों की बैठक, गणना पूर्व की तैयारी, सुरक्षा व्यवस्था, गणना स्टॉफ की नियुक्ति, गणना हाल में प्रवेश का नियमन, गणना स्थल पर मोबाईल का उपयोग, आवश्यक सामग्री, पोस्ट बेलेट, वीडियोग्राफी, मतगणना उपरांत सीलिंग आदि के बारे में विस्तार से बताया। आयोग के निर्देशानुसार सम्पूर्ण गणना की वीडियोग्राफी की जाएगी, प्रत्येक टेबल की नहीं। प्रेस एवं मीडिया को कव्हरेज के लिए हाथ या कंधे वाला कैमरा ले जाने की अनुमति होगी एवं किसी ईव्हीएम पर कैमरा फोकस नही किया जाएगा और ना ही ऐसा फोटोग्राफ्स लिया जाएगा।

**मतगणना व्यवस्था के दायित्व:-** मतगणना दल गठन एवं रेण्डमाईजेशन, स्थल व्यवस्था, कानून व्यवस्था तथा मजिस्ट्रेट ड्यूटी, स्ट्रांग रूम, सिलिंग सामग्री, आईटी टीम एंव ईटीपीबीएस की गणना, कन्ट्रोल रूम एवं कम्यूनिकेशन रूम, चाय, स्वल्पाहार, भोजन व्यवस्था, मीडिया सेन्टर, परिवहन व्यवस्था, साफ-सफाई व्यवस्था, स्वास्थ्य समिति, संचार व्यवस्था, विद्युत व्यवस्था आदि दायित्व विभिन्न विभागों के अधिकारियों के सौपे गये है।

## मंदसौर मंडी भाव

| उपज | आवक बोरी में | न्यूनतम | अधिकतम |
|---|---|---|---|
| मक्का | 217 | 1950 | 2661 |
| उडद | 108 | 4900 | 9352 |
| सोयाबीन | 8000 | 4400 | 5220 |
| गैहु | 3000 | 2600 | 3100 |
| चना | 223 | 5100 | 6160 |
| मसुर | 192 | 5000 | 6150 |
| धनिया | 321 | 6201 | 7727 |
| लहसुन | 13000 | 12200 | 20000 |
| मैथी | 672 | 5211 | 6776 |
| अलसी | 1790 | 4750 | 5321 |
| सरसो | 372 | 4901 | 5331 |
| तारामीरा | 4 | 4771 | 4771 |
| इसबगोल | 26 | 10800 | 18771 |
| प्याज | 6500 | 600 | 3541 |
| कलोंजी | 69 | 9510 | 16680 |
| डॉलर | 27 | 8000 | 14950 |
| तिल्ली | 4 | 17801 | 15501 |
| मटरसुखी | 13 | 2301 | 3352 |
| असालीया | 12 | 9400 | 10850 |



# खाद के लिए फिर परेशान हो सकते है धरती पुत्र

## मावठा गिरा तो खाद की लगेगी जरुरत

**मंदसौर, 22 नवंबर गुरु एक्सप्रेस।** जिले में खाद के लिए किसानो को काफी परेशानियो का सामना करना पड़ा था। कहीं -कहीं तो किसानो को रातभर सोसायटी के बाहर सोना पड़ा था। हालांकि प्रशासन पर्याप्त खाद के दावे करता रहा, लेकिन सोसायटी के बाहर किसानों की कतारें इन दावों की पोल खोलती रही। अब धरती पुत्रो को एक बार फिर खाद के लिए परेशानियो का सामना करना पड़ सकता है।

दरअसल मौसम विभाग ने मावठा गिरने का अनुमान व्यक्त किया है। बारिश होते ही यूरिया की डिमांड तेजी से बढ़ेगी। प्रदेश के कृषि और सहकारिता विभाग के अधिकारियों के अनुसार एक अप्रैल से अब तक प्रदेश को 28.68 लाख मीट्रिक टन यूरिया मिल चुका है। इसमें से 23.20 लाख टन यूरिया बिक भी चुका है। अधिकारियों के अनुसार प्रदेश में अभी पांच लाख टन यूरिया उपलब्ध है। उनका यह भी कहना है कि नवंबर में ही प्रदेश को दो लाख टन यूरिया और मिल रहा है। 14.50 लाख टन डीएपी में से किसानों को 13 लाख टन दिया जा चुका है। 5.66 लाख टन एनपीके में से 3.91 लाख टन किसानों को दिया जा चुका है। इधर मौसम विभाग ने तीन-चार दिनों में मावठा गिरने की संभावना बताई है। मावठा गिरने के बाद यूरिया की मांग तेजी से बढ़ेगी। इससे किसानों की परेशानी बढ़ सकती है। प्रदेश में इस बार रबी फसलों की बोवनी पिछले वर्ष से 5.33 प्रतिशत अधिक हो चुकी है। राज्य में अभी तक 81 लाख 71 हजार हेक्टेयर में बोवनी हुई है। उज्जैन में 90 प्रतिशत और इंदौर में 78 प्रतिशत बोवनी हो चुकी है।

## कुल्हाड़ी से किया हमला, 2 पर केस दर्ज

**पिपलियामंडी, 22 नवंबर गुरु एक्सप्रेस।** खेत की मेढ़ पर लगे पेड काटने से मना करने पर कुल्हाड़ी से वार कर घायल करन वाले आरोपियों के खिलाफ पुलिस ने केस दर्ज किया। कयामपुर निवासी कचरीबाई पति सत्यनारायण माली ने नाहरगढ़ थाने पर शिकायत दर्ज कराई कि खेत की मेढ़ पर लगे पेड काटने के लिए पडोसी दिनेश सिलावट से मना किया तो दिनेश ने शराब पीकर झगड़ा किया व कुल्हाड़ी से मूह पर मार दी, बीच-बचाव करने आई मेरी भानेज रानु पर भी कुल्हाड़ी से वार कर घायल किया। इस दौरान विष्णु पिता रामनारायण धनगर भी आ गया। दोनों ने मिलकर हमारे साथ मारपीट की व जान से मारने की धमकी दी। पुलिस ने दोनों आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज किया।

## टक्कर मारने वाले पर प्रकरण दर्ज

**पिपलियामंडी, 22 नवंबर गुरु एक्सप्रेस।** दुर्घटना में घायल होने पर पुलिस ने केस दर्ज किया। जानकारी के अनुसार हरसोल निवासी शांतिलाल शर्मा इलेक्ट्रीक स्कूटी से पिपलियामंडी से गांव जा रहे थे, इसी दौरान नारायणगढ़ वेयर हाउस के निकट बाइक (एमपी 14 बीबी 2348) के चालक ने तेज व लापरवाहीपूर्वक चलाकर टक्कर मार दी। जिससे पैर व कुल्हे में चोंटे आई। पुलिस ने पुत्र मुकेश शर्मा की रिपोर्ट पर बाइक चालक के खिलाफ केस दर्ज किया।

# नर्सिंग कालेज के नाम पर फर्जीवाड़ा करने का आरोपी नवीन सैनी गिरफ्तार

## आरोपी कर रहा मंदसौर, नीमच, उज्जैन, उदयपुर में नर्सिंग कॉलेज का संचालन, रतलाम पुलिस ने घोषित किया था 10 हजार रूपए का ईनाम

**रतलाम, 22 नवंबर गुरु एक्सप्रेस।** फर्जी तरीके से नर्सिंग कालेज संचालित कर युवाओ का भविष्य बिगाड़ने के आरोपी नवीन सैनी को पुलिस ने मंदसौर से गिरफ्तार किया है। वह कई स्थानो पर नर्सिंग कालेज संचालित करता है, जिसकी जानकारी भी पुलिस द्वारा जुटाई जा रही है।

मिली जानकारी के अनुसार वर्ष 2015 मे मोहन नगर रतलाम मे डॉक्टर एमबी शर्मा नर्सिंग कलेज काटजू नगर रतलाम में जनरल नर्सिंग स्टूडेन्ट (जीएएम) की प्रथम एवं तृतीय वर्ष की परिक्षायें हो रही थी। जिसमें कई कालेजो के विद्यार्थी सम्मिलित हुये। इस परिक्षा मे प्लेटिनम इंस्टीट्यूट ऑफ नर्सिंग डायमंड एकेडमी मोहन नगर रतलाम के छात्र एवं छात्राये भी सम्मिलित हुये थे। जिनके प्रवेश पत्र में स्पष्टरूप से प्लेटिनम इंस्टीयूट ऑफ नर्सिंग डायमंड एकेडमी मोहन नगर रतलाम उल्लेख पाया गया। उक्त छात्र एवं छात्राये नियमित रूप से संस्था में अध्यनरत होना बताया गया। इस संस्था के नियमित संचालन के संबंध में संदेह होने पर जांच करने पर यह तथ्य सामने आया की प्लेटिनम इंस्टीयूट ऑफ नर्सिंग डायमंड एकेडमी मोहन नगर रतलाम नाम की कोई संस्था संचालित नही होना पाई गई।

इस प्रकार संचालक नवीन सैनी द्वारा प्लेटिनम इंस्टीयूट नर्सिंग डायमंड एकेडमी मोहन नगर रतलाम जो डायमण्ड एकेडमी मोहन नगर रतलाम में संचालित होना बताई गई है। वास्तव में अस्तित्व में नहीं थी। इनके द्वारा विद्यार्थियों को प्रवेश नियमित आधार पर दिया गया था। किन्तु, जांच में भौतिक रूप से संस्था नहीं होने के कारण विद्यार्थियों का नियमित होना नहीं पाया गया है। दुसरी और प्रत्येक विद्यार्थियों के प्रवेश पत्र पर प्राचार्य के हस्ताक्षर एक समान नही थे। इस प्रकार संचालक नवीन सैनी द्वारा छात्रो से अवैध रूप से लाभ अर्जित कर शासन व छात्रों के साथ धोखाधडी की गई। आरोपी नवीन सैनी के विरूद्ध थाना औद्योगिक क्षेत्र रतलाम पर अपराध धारा 420 भादवि का पंजीबद्ध कर विवेचना मे लिया गया। विवेचना के दौरान धारा 467,468 भादवि का ईजाफा किया गया था।

उस समय से फरार आरोपी नवीन सैनी की पतारसी हेतु सायबर सेल रतलाम व थाने की संयुक्त टीम गठीत की गई। वर्ष 2015 से फरार चल रहे आरोपी की गिरफ्तारी हेतु पुलिस अधीक्षक रतलाम श्री राहुल कुमार लोढा द्वारा 10 हजार रूपये के ईनाम की घोषणा की गई थी। आरोपी नवीन सैनी की तलाश हेतु टीम द्वारा मुखबीर सूचना एवम तकनीकी साक्ष्यों के आधार पर नवीन पिता भंवरलाल रातलिया सैनी जाति माली उम्र 40 साल निवासी 03 मेघदूत बालाजी मंदिर के पास मेघदूत नगर मंदसौर को दबोच लिया गया। आरोपी से प्रारंभिक पूछताछ करने पर पता चला है की उसके द्वारा वर्तमान में मंदसौर, नीमच, उज्जैन एवम उदयपुर में भी नर्सिंग कॉलेज संचालित किए जा रहे है। जिनकी मान्यता के बारे में संबंधित विभाग से जानकारी प्राप्त की जा रही है।

# बड़े बालाजी मंदिर में आयोजित हुआ अन्नकूट महोत्सव





**मंदसौर, 22 नवंबर गुरु एक्सप्रेस।** श्री बड़े बालाजी मंदिर पुराना बस स्टैंड मंदसौर पर अन्नकूट महोत्सव धूमधाम से मनाया गया। कार्यक्रम के दौरान मंदिर को भव्य रूप से सजाया गया वहीं भगवान बालाजी का नयनाभिराम श्रृंगार किया। सायंकाल भगवान बालाजी की महाआरती की गई तत्पश्चात् बालाजी राधे कृष्ण जी को भोग लगाकर अन्नकूट प्रसादी भक्तों में वितरण करना प्रारंभ किया।

अन्नकूट प्रसादी ग्रहण करने वाले भक्तों की लम्बी-लम्बी कतारें लगी। कतारबद्ध होकर 10 हजार से अधिक श्रद्धालुओं ने भगवान के दर्शन वंदन कर प्रसादी ग्रहण की। इस दौरान मंदिर समिति के अध्यक्ष पं. दिलीप शर्मा, सदस्य विनय दुबेला, राष्ट्रीय कवि मुन्ना बैटरी, नपाध्यक्ष प्रतिनिधि राजेश गुर्जर, प्रवक्ता रवि ग्वाला, दिनेश जोशी, चौथमल शर्मा, हेमंत सुरा, अनूप माहेश्वरी, महेंद्रसिंह सिसोदिया, शिवशंकर सोलंकी सहित कई जनप्रतिनिधि, समाजसेवी, संस्थाओं के जनप्रतिनिधि व हजारों की संख्या में भक्तगण उपस्थित थे।

# छोटे प्लॉटों पर निर्माण के लिए लेना पड़ रही अनुमति!

**मंदसौर, 22 नवंबर गुरु एक्सप्रेस।** छोटे प्लॉट को भवन अनुज्ञा की झंझट से मुक्ति दिलाने के लिए बने नियम हाथी के दांत साबित हो रहे हैं। शासन ने 1100 वर्गफीट के प्लॉट पर डीम्ड अनुज्ञा का नियम बनाया है। लेकिन, बैंक लोन लेने के लिए डीम्ड अनुज्ञा जरूरी है। बिना इसके लोन नहीं मिलता। ऐसे में छोटे प्लॉटों को अनुज्ञा मुक्त करने के फैसले का लाभ मध्यम वर्ग को नहीं मिल पा रहा है। डीम्ड अनुज्ञा को बैंक समेत अन्य संस्थानों में मान्यता को लेकर सरकार ने कोई गाइडलाइन या नियम जारी नहीं किया। इसलिए यह परेशानी आ रही है। बीते दो माह में चार अनुज्ञाएं भी इससे जारी नहीं कराई गई।

### बैंकों को निर्देश मिले तो बढ़ें अनुज्ञाएं...

भवन अनुज्ञा के सॉफ्टवेयर में 1100 वर्गफीट तक की साइज के प्लॉट पर डीम्ड अनुमति की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। इस साइज के प्लॉट पर मध्यमवर्गीय लोग घर बनाते हैं और 80 फीसदी से ज्यादा इसके लिए बैंक लोन लेते हैं। इसके लिए तमाम तरह की एनओसी व अन्य औपचारिकताएं पूरी करना होती हैं। बैंकिंग सिस्टम में डीम्ड परमिशन को मंजूरी मुश्किल होती है, इसलिए लोग इससे फिलहाल बच रहे हैं। आर्किटेक्ट स्ट्रक्चरल इंजीनियर राजेश चौरसिया का कहना है कि डीम्ड परमिशन के लिए भी सामान्य परमिशन की तरह नक्शा बनाने के साथ तमाम तरह की एनओसी व दस्तावेज चाहिए। ऐसे में इस तरह की अनुमति को मान्यता के लिए बैंकिंग समेत अन्य जगहों पर विशेष निर्देश जारी करना चाहिए।

### इन कारणों से हो रही गफलत...

सरकार ने 1100 वर्गफीट तक की भवन अनुज्ञा मुक्त कर दिया, लेकिन इन्होंने बिल्डिंग परमिशन की प्रक्रिया को ही इसमें लागू कर रखा। आवेदन कर बिल्डिंग बनाने की स्थिति करना थी, लेकिन इस सिस्टम को भी लागू नहीं करा सके, लोगों को काटने पड़ते हैं कई-कई बार चक्कर।

# ऑनलाइन ठगी का शिकार हुआ कृषि एजेंट

## बैंक खातों से ट्रांसफर हो गए 1 लाख 66 हजार रूपए

**[ पीड़ित की शिकायत पर पुलिस ने शुरू की जांच ]**

**गरोठ, 22 नवंबर गुरु एक्सप्रेस।** कृषि से संबंधित सामग्री बेचने वाली कंपनी का सेल्समेन ऑनलाइन धोखाधड़ी का शिकार हो गया। पीड़ित ने इसकी शिकायत गरोठ थाने में की है। जिसके बाद पुलिस ने जांच शुरू कर दी है।

मिली जानकारी के अनुसार श्यामसिंह पिता मानसिंह सोंधिया राजपूत उम्र 30 साल निवासी ग्राम जूनापानी पावटी के साथ 1 लाख 66 हजार 400 रुपए की धोखाधड़ी हुई। पुलिस को दिए आवेदन में पीड़ित ने बताया की वह स्काई फील्ड एग्रो इंडिया प्राइवेट लिमिटेड कंपनी जयपुर की शाखा गरोठ में सेल्समेन के पद पर कार्य करता है। बीती 17अक्टूबर को उसके मोबाइल पर दो मैसेज आए। इसमें उसके एसबीआई अकाउंट से 1 लाख और एयू स्माल फाइनेंस बैंक के अकाउंट 66 हजार 400 रुपए कटने का मैसेज आया। पीड़ित ने बैंक जाकर स्टेटमेंट निकलवाया तो उसमें भी यही पता चला। पीड़ित के अनुसार, उसने किसी व्यक्ति को ना तो ओटीपी शेयर किया ना ही किसी को अकाउंट की जानकारी दी। मामले में गरोठ पुलिस ने पीडित की शिकायत के बाद अज्ञात व्यक्ति के खिलाफ धोखाधड़ी की धारा 420 के तहत मामला दर्ज कर जांच में लिया है।

# ब्राह्मण कुल में जन्म लेना सर्वश्रेष्ठ-भागवतानंद गुरूजी



**मंदसौर, 22 नवंबर गुरु एक्सप्रेस।** खानपुरा क्षेत्र स्थित श्री रामानुज कोट मंदिर परिसर में श्रीमद् भागवत कथा ज्ञान यज्ञ का आयोजन हो रहा है। कथा के द्वितीय दिवस व्यास पीठ से निग्रहाचार्य श्री भागवतानंद गुरुजी ने कथा का श्रवण कराते हुए नारदजी के पुनर्जन्म की कथा सुनाई। आपने कहा कि बाल अवस्था में संतों की सेवा करने के कारण उन्हें पुनर्जन्म का पूरा स्मरण रहा और उन्हीं पुण्य प्रतापों के कारण उन्हें नारद का जन्म मिला।

आपने कहा कि ब्राह्मण चाहे दुराचारी भी हो तो भी उसका वध नहीं करना चाहिये। उसे दण्डित कर छोड देना चाहिये। आपने ब्राह्मण कुल में जन्म लेना श्रेष्ठ बताते हुए कहा कि ब्राह्मण कुल में जन्म लेने के लिये तप तपस्या करना पड़ती है। अश्वथामा ने जब पांच पाण्डव के पुत्रों की हत्या की तब पांचाली ने भीम और अर्जुन का क्रोध शांत करते हुए कहा कि यह आपके गुरू पुत्र भी है और ब्रह्मपुत्र भी है इसलिये आप उनकी हत्या न करे। तब अर्जुन ने उन्हें ऐसा दंड दिया कि उनकी सिर पर जो मणि धारण की थी उसे निकालकर उन्हें छोड दिया। जिससे वे दर-दर भटकते रहे। अर्जुन को ब्रह्म हत्या का पाप नहीं लगा और उनके पुत्र की हत्या का दण्ड भी दे दिया। आपने कहा कि जिस तरह कलयुग में प्रवेश किया और राजा परिक्षित से संत पर मृत सांप डालकर उनका उपहास करने का जो कृत्य किया था उसी के कारण उन्हें श्राप स्वरूप सात दिन में तत्क्षक नाग से काटने के बाद मृत्यु का श्राप दिया गया था। पोथी पूजन मुख्य यजमान गौतम गनेडीवाल, श्री कृष्णचंद्र चिचानी, महेंद्र दरक, सुरेश भावसार, प्रमोद तोषनीवाल, बाबूलाल डागा आदि ने किया। व्यास सम्मान कारूलाल सोनी, देवेश्वर जोशी, घनश्याम भावसार, सुरेन्द्र दीक्षित, चंदा कश्यप, फूलकुंवर भावसार, केसर तिवारी, मंजू मोदी ने किया। पूजा पद्धति पंडित सुदर्शन आचार्य और अन्य विद्वान आचार्यों द्वारा संपन्न कराई गई। प्रसादी का लाभ श्री मुकेश बाबूलाल जांवदिया परिवार ने लिया। संचालन सुरेशचन्द्र भावसार ने किया आभार कृष्ण चंद्र चिचानी ने माना। शाम 4 से 5 बजे तक एक घंटे तक प्रश्नोत्तरी का आयोजन हुआ जिसमें श्रद्धालुओं द्वारा पूछे प्रश्नों का व्यास पीठ से निग्रहचार्य भागवतानंद गुरुजी ने समाधान किया।

# मंदसौर मंडी से लहसुन बेचकर आ रहे किसान के जेब से निकाले 54 हजार 600 रुपए

**कुचड़ोद, 22 नवंबर गुरु एक्सप्रेस।** गांव का किसान मंदसौर कृषि उपज मंडी में लहसुन लेकर गया था। लहसुन बेचकर वापस गांव आने के लिए बस स्टैंड से सितारा बस में बैठा। तभी किसी अनजान व्यक्ति ने जेब से 54600 रुपए निकाल लिए।

हीरालाल पिता भागीरथ पाटीदार 60 ने बताया मैं बुधवार को गांव से लहसुन बेचने के लिए मंदसौर कृषि उपज मंडी गया था। लहसुन बेचने के बाद शाम को वापस घर आने के लिए, मंदसौर से असावती चलने वाली सितारा बस में शाम 6:00 बजे बस स्टैंड से बैठा। बस स्टैंड से बस चली और पेट्रोल पंप के पास गई तब मैंने अपनी जेब चेक करी तो रुपया गायब थे मैं तो बुरी तरह से परेशान हो गया। किसान ने बताया बस स्टैंड पर बस में सीट पर पास में एक अनजान व्यक्ति आकर बाई तरफ आकर बैठा। बस के कांच खोलने के लिए मेरे आगे से कांच खोले। 5 मिनट सीट पर बैठा और सवारी लाने का बोलकर नीचे उतर गया। फिर बस में भी नहीं चढ़ा। मैंने उस समय कोई ध्यान नहीं दिया। पेट्रोल पंप के पास बस आई तभी मैंने अपनी जेब संभाली। तो मंडी से मिली रकम 54600 गायब थे। बस में बैठे यात्रियों को भी पूछा। किसी के पास नहीं मिले। कंडक्टर को भी बोला तो कंडक्टर ने बस में सीसीटीवी लगे कैमरे चेक करने की बताया। परेशान होकर वापस घर आ गया। सुबह पुत्र के साथ मंदसौर जाकर थाने में रिपोर्ट दर्ज कराऊंगा।

# पारदर्शी प्रक्रिया से संपन्न करायी जाये मतगणना-राजन

## 3 दिसम्बर को सुबह 8 बजे से प्रारंभ होगी मतगणना, दिये निर्देश

**मंदसौर, 22 नवंबर गुरु एक्सप्रेस।** मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी श्री अनुपम राजन ने मंगलवार को निर्वाचन सदन भोपाल से कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी की वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से बैठक की। मध्यप्रदेश विधानसभा निर्वाचन-2023 के अंतर्गत 3 दिसंबर को होने वाली मतगणना संबंधी जिलों में की जा रही तैयारियों को लेकर जिलेवार विस्तार से चर्चा की और आवश्यक निर्देश दिए।

श्री राजन ने कहा कि विधानसभा निर्वाचन-2023 की मतगणना 3 दिसम्बर को सुबह 8 बजे से पोस्टल बैलेट की गिनती के साथ शुरू होगी। सुबह 8:30 बजे से ईव्हीएम में दर्ज मतों की गणना प्रारंभ होगी। सभी जिला निर्वाचन अधिकारी सजग एवं सतर्क रहें और मतगणना को पारदर्शी प्रक्रिया से सम्पन्न कराएं। स्ट्रांग रूम में केन्द्रीय सशस्त्र पुलिस बल (उअझत्र) की सुरक्षा व्यवस्था की जाये। मतगणना के दिन विद्युत की सतत् आपूर्ति हो और किसी भी वजह से मतगणना प्रभावित न हो। सभी मतगणना केन्द्रों में अग्निशमन यंत्र भी अनिवार्य रूप से उपलब्ध रहें। मतगणना स्थल पर सभी व्यवस्थाएँ सुचारू तरीके से कर ली जाये।

**जिला निर्वाचन अधिकारी प्रति दिन ईवीएम स्ट्रांग रूम का दो बार करें निरीक्षण और भेजें रिपोर्ट-**श्री राजन ने कहा कि सभी जिला निर्वाचन अधिकारी ईवीएम स्ट्रांग रूम और जिस जगह पर पोस्टल बैलेट रखा गया है, उसका प्रति दिन दो बार सुबह और शाम निरीक्षण करें। ईवीएम स्ट्रांग रूम और पोस्टल बैलेट की सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम रहे, यह भी सुनिश्चित कर लें। श्री राजन ने कहा कि सभी जिला निर्वाचन अधिकारी अपने जिले की विधानसभा क्षेत्रों के लिये आवश्यकता के अनुरूप मतगणना टेबिल लगाएं। सभी मतगणना कर्मियों को विधिवत प्रशिक्षण दिया जाये, जिससे किसी भी स्तर पर मतगणना में देरी न हों। प्रत्येक मतगणना टेबल पर एक-एक माईक्रो ऑब्जर्वर भी नियुक्त करें। वीडियो कान्फ्रेंसिंग में अपर मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी श्री राजेश कुमार कौल, संयुक्त मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी श्री बसंत कुर्रे और उप मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी श्री प्रमोद कुमार शुक्ला उपस्थित थे।

## मछलियों के शिकार के लिए...

पेज 1 से जारी

ठेका नपा द्वारा दिया जा रहा था। इसके बाद विभिन्न सामाजिक संगठनों और समाजों के लोगों ने तालाब में मत्स्याखेट पर प्रतिबंध लगाने की मांग करते हुए विरोध प्रदर्शन किया। इसके बाद 2017 से नपा ने ठेका नहीं दिया है। 2016 में भाजपा माझी प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल चौहान का ही ठेका हुआ था। इसके बाद से नपा ने अब तक टेंडर नहीं दिया। चौहान ने टेंडर प्रक्रिया करवाने के लिए राजनीतिक प्रभाव का उपयोग किया। इसके बाद शासन से टेंडर के लिए लेटर आया। कलेक्टर ने नपा को तेलिया तालाब में मछली उत्पादन का टेंडर लगाने को कहा। लेकिन, यह प्रस्ताव नपा परिषद की साधारण सभा में सर्वसम्मति से निरस्त हो गया। बाद में पूर्व कलेक्टर ने उसे कमिश्नर के पास भेजा।

### नाहर सैयद तालाब की भी हो रही मौत...

इधर शहर के उत्तरी क्षेत्र का जलस्तर बनाए रखने वाले नाहर सैयद तालाब की धीरे-धीरे मौत हो रही है और कोई इस तरफ देख ही नहीं रहा है। करीब 13 साल पहले तैयार तालाब के सौंदर्यीकरण और संरक्षण की योजना की फाईल कहीं धूल खा रही है तो एक बार फिर नई योजना में इसे शुद्ध करने के दावे किए जा रहे हैं।

नगर पालिका ने तालाब के आसपास नियम विरुद्ध बनी कालोनियों व बस्तियों पर कोई रोक भी नहीं लगाई है। अब उनका सारा गंदा पानी भी तालाब में ही छोड़ रखा है। विशेष धार्मिक महत्व वाले नाहर सैयद तालाब में आसपास की बस्तियों का गंदा पानी चार जगह से छोड़ा जा रहा है। तालाब का पानी दूषित होने के साथ ही रंग भी हरा हो गया है। तालाब के लिए तैयार प्रस्ताव में तालाब का सौंदर्यीकरण कर रमणीय स्थल के रूप में विकसित करने व तालाब को अतिक्रमण से बचाने के लिए चारों ओर बाउंड्रीवाल बनाना थी। इसके लिए 2008-09 में लगभग 10 लाख रुपये में रोड किनारे बाउंड्रीवाल बनाई थी। यह वर्तमान में जगह-जगह से टूट गई है। इसके अतिरिक्त तालाब के चारों तरफ लाइटिंग, गहरीकरण, तालाब के मध्य फव्वारे लगाने व पैदल पुल का निर्माण करने का प्रस्ताव तैयार किया गया था।

# मंदसौर में तीन दिवसीय 7-साइडर फुटबॉल स्पर्धा 25 से

## 12 टीमें लेंगी भाग, 27 को होगा फाइनल मैच

**मंदसौर, 22 नवंबर गुरु एक्सप्रेस।** चंबल फुटबॉल क्लब (सीएफएस), मंदसौर क्लब के पदाधिकारियों द्वारा 22 नवम्बर को कॉलेज ग्राउंड पर एक बैठक का आयोजन किया गया। जिसमे दिवंगत फुटबॉल खिलाडी स्व. गौरव गिरवाल के जन्मदिवस के उपलक्ष्य में एक 7-साइडर फुटबॉल स्पर्धा का आयोजन कॉलेज ग्राउंड मंदसौर पर करने का निर्णय लिया गया।

इस स्पर्धा में मंदसौर जिले के विभिन्न क्लबों की 12 टीमें हिस्सा लेंगी। स्पर्धा का आयोजन 25 से 27 नवम्बर 2023 तक कॉलेज ग्राउंड मंदसौर पर किया जाएगा। 27 नवंबर को फाइनल मैच खेला जाएगा जिसमे विजेता तथा उपविजेता टीम को ट्रॉफी प्रदान की जाएगी। बैठक में क्लब संरक्षक श्री विनोद गर्ग, क्लब अध्यक्ष डॉ. भानु प्रताप सिंह सिसोदिया, सचिव एड. ईश्वर सिंह चौहान, सहसचिव मुजम्मिल काजी(मामा) और विपिन शर्मा, कोषाध्यक्ष श्री सुरेंद्र प्रताप सिंह, दीपक शर्मा, मुकेश कासट, मेहुल अग्रवाल, बाबू गुर्जर, अंकित मंडोवरा, अंशुल शर्मा, दक्ष गौड़, शुभम परमार आदि सदस्य उपस्थित थे।

# जुआ खेलते 11 लोगों को पकड़ा

**पिपलियामंडी, 22 नवंबर गुरु एक्सप्रेस।** पुलिस ने दो अलग-अलग मामलों में जुआ खेलते हुए 11 आरोपियों को गिरफ्तार किया। जानकारी के अनुसार बोतलगंज में ताशपत्ती से जुआ खेलते हुए आरिफ पिता मुन्शी पटेल, शरीफ पिता इस्माइल पटेल, नन्ना पिता इब्राहिम न्यारगर, सद्दाम पिता बाबू डन्डू जाफर पिता मुन्शी डन्डू को पकडा। आरोपियों से 4190 रुपए नकदी व दूसरे मामले में जुआ खेलते हुए शाहिद पिता रसीद न्यारगर, साबिर पिता सलमुद्दीन, रशीद पिता हुसेन, आबिद पिता इशाक व रज्जाक पिता इशाक व बाबू पिता युसूफ को पकडा। आरोपियों से 4540 रुपए नकदी व ताशपत्ती बरामद की।

# महिला डॉक्टर पर अपने अस्पताल में घुसकर तोड़फोड़ करने का आरोप, डॉ. मधु नितीन जैन सहित पांच पर मामला दर्ज

**मंदसौर, 22 नवंबर गुरु एक्सप्रेस।** शहर के आरके हॉस्पिटल के संचालक डॉ नितीन जैन और उनकी पत्नी डॉ . मधु जैन के बीच पारिवारिक विवाद के बाद पुलिस ने महिला डॉक्टर सहित पांच लोगो पर मामला दर्ज किया है।

शहर पुलिस के मुताबिक अस्पताल में तोड़फोड़ करने के आरोप में डॉ. मधु नितीन जैन, फिरोज पिता मुन्ना पठान, गुड्डी बी, मोती आपा निवासी नयापुरा सहित एक अन्य पर विभिन्न धाराओ में प्रकरण दर्ज किया है।


**कार्यालय अतिरिक्त क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी मंदसौर (मप्र)**

क्रमांक-क्यू मंदसौर, दिनांक-22.11.2023

**विज्ञप्ति**

**सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि विशाल नलवाया पिता देवराज नलवाया, खानपुरा, मंदसौर आधार कार्ड के अनुसार पिता का नाम ड्रायविंग लायसेंस में परिवर्तन कर देवीलाल नलवाया करवाना चाहता हूं।**

**इस संबंध में जिस व्यक्ति को आपत्ति हो तो वो विज्ञप्ति प्रकाशन के सात दिवस के अंदर इस कार्यालय में प्रस्तुत कर सकते है। निर्धारित अवधि के पश्चात प्रस्तुत किसी आवेदन पर विचार नहीं किया जावेगा व नाम परिवर्तन कर दिया जावेगा।**

| गलत नाम | सही नाम |
|---|---|
| देवराज नलवाया | देवीलाल नलवाया |

**अतिरिक्त क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी, मंदसौर**

**कार्यालय अतिरिक्त क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी मंदसौर (मप्र)**

क्रमांक क्यू मंदसौर, दिनांक 22.11.2023

**विज्ञप्ति**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि कार वाहन क्रमांक एमपी 14 सीबी 3614 जो कि परिवहन कार्यालय मंदसौर में श्री मांगीलाल चौहान पिता श्री नानूरामजी चौहान निवासी स्नेह नगर, मंदसौर के नाम से पंजीकृत है।

यह सूचित किया जाता है कि वाहन स्वामी की मृत्यु दिनांक 22.05.2021 को हो चुकी है इसलिए उक्त वाहन का अंतरण अपने नाम से करने हेतु उनकी पत्नी श्रीमती पुष्पाबाई पति स्व. श्री मांगीलालजी चौहान ने इस कार्यालय में आवेदन प्रस्तुत किया है। इस संबंध में जिस व्यक्ति को आपत्ति हो वह विज्ञप्ति प्रकाशन के सात दिवस के अंदर इस कार्यालय में प्रस्तुत कर सकते है। निर्धारित अवधि के पश्चात प्रस्तुत किसी आपत्ति पर विचार नहीं किया जावेगा। अंतरण आवेदक के नाम पर कर दिया जावेगा।

**अतिरिक्त क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी, मंदसौर**

**इंदौर के मेडिकल कॉलेज के प्रोफेसर त्वचा रोग विशेष एवं डर्मेटोलेजर सर्जन**

**डॉ. परीक्षित शर्मा**

एम.डी. (स्कीन)

**शनिवार दिनांक 25 नवम्बर को शाम 5 से रात 8 और रविवार 26 नवम्बर को सुबह 9 से दोपहर 2 बजे तक उपलब्ध रहेंगे।**

सुविधाएं- ✻ चेहरे के कील-मुहासे, चोट व चेहरे के निशान, ऑखों के नीचे कालापन, चेहरे व हाथों का कालापन, ✻ एक्जीमा, सोरियासिस, सफेद दाग का इलाज व सर्जरी, ✻ शरीर पर तिल व मस्सों (Warts) को मशीन द्वारा हटाना, ✻ गर्भावस्था में होने वाले स्ट्रेचमार्क्स की चिकित्सा, ✻ असमय झड़ते बालों का आधुनिक पद्धति से ईलाज, ✻ शरीर पर टेटू (गोदना) को मशीन द्वारा हटाना, ✻ लेजर मशीन द्वारा अनचाहे बालों से छुटकारा, ✻ बच्चों व बुजुर्गो की त्वचा संबंधित समस्याएं, ✻ नाखुन में होने वाले रोगों का उपचार, ✻ सौन्दर्य परामर्श (Cosmetic Consultation)

**करजूवाला कम्पाउण्ड, पमनानी हॉस्पिटल के पीछे, स्टेशन रोड़, मंदसौर सम्पर्क-9424813088**


स्वत्वाधिकारी, सम्पादक, प्रकाशक, मुद्रक आशुतोष नवाल के लिए गुरु मीडिया एण्ड इंटरटेनमेन्ट कम्पनी, शक्ति नगर मन्दसौर से मुद्रित एवं 77 लक्ष्मीनगर, वेदान्त विहार मन्दसौर से प्रकाशित। (हर प्रकार के विवाद का न्याय क्षेत्र मन्दसौर रहेगा) संपादक- आशुतोष नवाल RNI-MPHIN2006/20356
समाचार पत्र में छपे विज्ञापनों के लिए समाचार पत्र उत्तरादायी नहीं है एवं विज्ञापनो में प्रकाशित विचार विज्ञापनदाता की निजी राय है। इससे समाचार पत्र का कोई संबंध नहीं है। फोन 495831, मो. 9425105927,28 ashugurumds@gmail.com, ashu_guru2@yahoo.co.in